**PRINT**

# आज़ाद सिपाही

| Regional News Paper | Edition: Jharkhand | Circulation: 12831 |
|---|---|---|
| Date: 18.07.2026 | Page No-- | Serial No.: |


18 जुलाई, 2026
आषाढ़, शुक्ल पक्ष, पंचमी
संवत 2083
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शनिवार, वर्ष 11, अंक 268

www.epaper.azadsipahi.in
कलम कलम बढ़ाये जा

आजाद सिपाही




मुरी और पिस्का स्टेशन का प्रधानमंत्री मोदी ने किया ऑनलाइन उद्घाटन

# सीआईएसएफ एवं सीसीएल की बड़ी कार्रवाई मे अवैध 16.695 पोड़ा कोयला जब्त

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**करगली(बेरमो)।** गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर सीआईएसएफ एवं सीसीएल बीएंडके क्षेत्र के सुरक्षा विभाग ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए 4 नंबर एलएफसी होटल के पास बड़ी मात्रा में अवैध रूप से जमा 16.695 टन पोड़ा कोयला जब्त किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सीआईएसएफ सीसीएल करगली के कमांडेंट राज प्रताप सिंह को सूचना मिली कि बीएंडडी क्षेत्र के 4 नंबर एरिया स्थित एलएफसी होटल के पीछे काफी मात्रा में अवैध कोयला रखा गया है।



सूचना मिलते ही सीआईएसएफ ने इसकी जानकारी तत्काल सीसीएल के जीएम संजय कुमार झा को दी। इसके बाद सीआईएसएफ, सीसीएल प्रबंधन एवं पुलिस की संयुक्त टीम का गठन कर मौके पर छापेमारी की गई। संयुक्त टीम ने मौके से अवैध रूप से जमा कोयला जब्त कर उसे खसमहल कांटा संख्या-01 पर वजन कराने के बाद सीसीएल प्रबंधन को सुपुर्द कर दिया।

सीआईएसएफ ने पुनः स्पष्ट किया है कि खनन क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाने के लिए सुरक्षा एजेंसियां लगातार सतर्क हैं। अवैध खनन एवं कोयला चोरी के विरुद्ध सीआईएसएफ, सीसीएल प्रबंधन एवं स्थानीय पुलिस के बीच समन्वय के साथ ऐसी कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

इस संयुक्त अभियान में उप कमांडेंट अभिलाष गारा, एएसओ पीएन सिंह, इंस्पेक्टर एसआर नायक, सब-इंस्पेक्टर संतोष कुमार तिवारी, अमित कुमार, आरक्षक अतुल कुमार, क्यूआरटी टीम, सीसीएल गार्ड तथा अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल रहे।